## खबर संक्षेप

### डॉ.भीमराव जयंती पखवाड़ा आज मनाया जाएगा



**मैहर।** एससीएसटी धार्मिक अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग महासभा के तत्वाधान में आज 20 अप्रैल को डॉ.भीमराव अम्बेडकर जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।उक्त जानकारी देवदत्त सोनी संयोजक एससीएसटी/ओबीसी महासभा सदस्य जिला पंचायत सतना ने देते हुए बताया है कि रविवार को मैहर गार्डन कटनी रोड ब्लॉक कार्यालय के सामने दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सभी भाइयों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की जा रही है।

### निरीक्षण करने मैहर पहुचे डीआईजी राजेश सिंह चंदेल



**मैहर।** रीवा रेंज के डीआईजी राजेश सिंह चंदेल वार्षिक निरीक्षण पर जिला मैहर पहुंचे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुचकर निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने नवागत डीआईजी श्री चंदेल का पुष्प गुच्छ से स्वगत किया। इस दौरान उप महानिरीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल की मौजूदगी में मैहर जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### कांग्रेस की सामान्य समिति की बैठक

**मैहर।** मैहर में जिला कांग्रेस कमेटी की सामान्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में



विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा, विधायक राजेन्द्र सिंह एवं संगठन प्रभारी गुरमीत सिह मंगू अजित सिंह पटेल,पुष्पराज सिंह सहित जिलाध्यक्ष धर्मेश घई,ब्लाक अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी सहित सभी कार्यकर्ता शामिल हुए।

### नरवाई प्रबंधन के तहत किसान संगोष्ठी का आयोजन

**सतना।** नरवाई प्रबंधन के तहत शुक्रवार को किसान संगोष्ठी का आयोजन ग्राम पंचायत गंगवरिय में किया गया। जिसमे किसानों को नरवाई प्रबंधन अपनाने से मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता शक्ति के बढने के साथ ही नरवाई जलाने से शासकीय कार्यवाही और अर्थ दण्ड के बारे में किसानों को बताया गया। खेत में बचे भूसे एवं अन्य अवशेष से नाडेप विधि (टांका/टटिया),वर्मी कंपोस्ट द्वारा भी नरवाई का उपयोग करके खाद बनाने के बारे मे जानकारी दी। इसी प्रकार सोहावल विकासखण्ड के ग्राम रामस्थान में नरवाई नहीं जलाने के संबंध में किसानों की संगोष्ठी आयोजित की गई।

# सतना में एमबीबीएस का छात्र ड्रग्स के साथ गिरफ्तार

## भोपाल नारकोटिक्स टीम ने स्टेशन रोड से पकड़ा, राजस्थान से मंगाई थी ड्रग्स







**सतना।**

भोपाल नारकोटिक्स विभाग की टीम ने शनिवार को सतना में एक एमबीबीएस के छात्र को गिरफ्तार किया है। छात्र के पास से संदिग्ध नशीला पाउडर और नशे की टैबलेट्स बरामद की गई हैं। यह कार्रवाई राजस्थान से जुड़े एक ड्रग नेटवर्क की जांच के तहत की गई है। गिरफ्तार छात्र की पहचान अभिनव सिंह पिता रवेंद्र सिंह निवासी डाली बाबा के रूप में हुई है। सूत्र के मुताबिक उसे कामता टोला स्थित बीएसएनएल टावर के पास से गिरफ्तार किया गया है। छात्र सतना में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा था,और नशे का आदी बताया जा रहा है।

### राजधानी भोपाल से आई थी टीम

भोपाल नारकोटिक्स विभाग की दो सदस्यीय टीम शनिवार सुबह करीब 10 बजे सतना पहुंची थी। ऑपरेशन से पहले सिटी कोतवाली पुलिस को सूचित किया गया,लेकिन पूरी कार्रवाई बेहद गोपनीय तरीके से अंजाम दी गई ताकि कोई हड़बड़ाहट या जानकारी लीक न हो।

### कुरियर सर्विस से ड्रग्स मंगवाई थी

सूत्रों के मुताबिक,टीम को पूर्व से इनपुट मिला था कि छात्र राजस्थान से ड्रग्स मंगवाता है। शनिवार को भी स्टेशन रोड पर छात्र ड्रग्स का कुरियर लेने पहुंचा था,तभी टीम ने उसे दबोच लिया। कुरियर पैकेट से संदिग्ध पाउडर और नशे की गोलियां जब्त की गईं है। सभी सामग्रियों को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।

### पूछताछ के बाद छात्र को भोपाल ले जाया गया

गिरफ्तारी के बाद छात्र को पहले सिटी कोतवाली थाने लाया गया,जहां प्रारंभिक पूछताछ की गई। इसके बाद नारकोटिक्स टीम उसे भोपाल लेकर रवाना हो गई।

## शहर के कई होटल एवं रेस्टोरेंट बेच रहे बीमारियां

# खाद्य विभाग की निष्क्रियता के कारण दूषित सामग्री खा रहे हैं

**मैहर।**

मैहर के जिला बनते ही नगर में कई आलीशान होटलें एवं रेस्टोंरेट खुल गए हैं जहां पर अत्यधिक लाभ कमाने के चक्कर में दूषित खाद्य सामग्री बेची जा रही है। मां शारदा देवी के दर्शन करने के लिए आने वाले बाहरी ग्राहक कुछ नहीं बोल पाते जिसके चलते मनमानी रेट भी लिए जाते हैं। इसी तरह बाजार में बिकने वाले लगभग सभी प्रकार के खाद्य पदार्थों में पोषक तत्वों की भारी कमी रहती है जो चिंता का विषय है। बाजार में रोजमर्रा की खाद्य सामग्रियों में मिलावट का व्यापार तेजी से फल फूल रहा है। स्थानीय प्रशासन द्वारा कभी कभार ही सुना गया होगा कि खाद्य विभाग के द्वारा किसी होटल एवं रेस्टोंरेंट की जांच कर कार्रवाई की हो। अगर नियमित खाद्य विभाग के द्वारा जांच होती रहे तो कुछ नामी दुकानों के खुलासे हो सकते हैं यह तभी हो सकता है जब इनके संेपल की जांच हो। इतना ही नहीं मिलावाट एवं घटिया खाद्य सामग्री बेचने वाले दुकानों पर निगरानी विभाग को रखनी होगी तभी इस पर अंकुश लग सकेगा।

### मिलावटी का गोरखधंधा

मैहर नगर एंव आस पास के ग्रामीण अंचल में खाद्य पदार्थों में मिलावटी का गोरखधंधा चरम पर है। लेकिन संबंधित विभाग द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे दुकानदार लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं जो कानूनन अपराध है। प्रतिदिन उपयोग में आने वाले पानी के बोतल,खाने के सरसों का तेल,मसाले के पैकेट,आइसक्रीम सहित पैकेट बंद अनेकों खाद्य सामग्रियां एक्सपायर होने के बाद भी बाजार में बेचे जा रहे हैं। यही नहीं कई होटले तो ऐसी है जहां पर भोजन को बार बार गर्म कर खिला दिया जाता है।

### मैहर में केवल 500 दुकानों के पास लाइसेंस

'मैहर में शिकायतें सामने आ रही हैं क्यों कि जैसे जैसे गर्मी बढ़ेगी और तापमान बढ़ेंगा जिसके चलते मिठाइयां और खाद्य पदार्थ शीघ्र खराब होते हैं। कुछ दुकानदारों के पास फ्रीजर होता है अन्यथा अधिकांश दुकानदारों के पास नहीं है। मैहर जिला बना है इसलिए खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी के द्वारा खाद्य पदार्थ विक्रय की दुकानों का सतत निरीक्षण और सेम्पलिंग का कार्य किया जाना चाहिए जिससे लोगों को बचाया जा सके। बताया गया कि मैहर जिले में लगभग 1800 खाद्य पदार्थ की दुकानों का रजिस्ट्रेशन है लेकिन अब तक 500 दुकानों ने ही रजिस्ट्रेशन लिये है अर्थात यहां पर दुकानों के रेन्युअल की भी आश्यकता दुकानदार नहीं महसूस कर रहे हैं।

### बढ़ रहे संक्रमण

कई जगह दूषित खाद्य पदार्थ के कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं। कुछ शिकायतें आने के बाद कुछ दुकानों के निपटारे तो किए जा रहे हैं पर अब भी धल्लले से कुछ दुकानों में घटिया सामान बेचकर ग्राहकों को बेवकूफ बनाया जा रहा है। अधिकांश बाजारों व कस्बों में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री से उपभोक्ता परेशान हैं। संबंधित विभाग की जांच केवल कागजों में ही सीमित होकर रह गई है। ब्रांडेड पैक में भी नकली खाद्य पदार्थ की शिकायत उपभोक्ताओं द्वारा की जा रही है। एक ओर महंगाई की मार तो दूसरी ओर मिलावट से उपभोक्ता परेशान हैं।







## प्रशासन ने चित्रकूट में मंदाकिनी नदी के उद्गम स्थल से अतिक्रमण हटाया

# सती अनुसुइया क्षेत्र से हटाईं 100 से अधिक अवैध दुकानें

**सतना।**

चित्रकूट में शनिवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सती अनुसुइया क्षेत्र से अवैध कब्जे हटाए। राजस्व विभाग,वन विभाग और नगर परिषद की संयुक्त टीम ने ढाई हेक्टेयर वन भूमि को मुक्त कराया।सनद रहे कि मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में चित्रकूट का समग्र विकास शामिल है। सती अनुसुइया माता मंदिर के पास दुकानें बनाने के अलावा,लोगों ने मंदाकिनी नदी के उद्गम स्थल पर भी अतिक्रमण कर रखा था। इससे नदी के प्रवाह को खतरा था।

### 100 से अधिक दुकानें जमींदोज की

टीम ने तीन जेसीबी मशीनों की मदद से 100 से अधिक अवैध दुकानों को ध्वस्त किया। कुछ लोगों ने स्वयं अपना कब्जा हटा लिया। उत्तर प्रदेश के व्यापारियों ने वन भूमि पर कब्जा कर निर्माण कर लिया था,जिससे क्षेत्र का विकास प्रभावित हो रहा था।

### तैनात रहा पुलिस बल

कार्रवाई के दौरान किसी तरह के विरोध को रोकने के लिए पहले से ही पुलिस बल तैनात किया गया था। एसडीएम एपी द्विवेदी,एसडीओ फॉरेस्ट अभिषेक तिवारी और नगर परिषद के सीएमओ समेत कई अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।एसडीओ फॉरेस्ट के अनुसार,वन क्षेत्र से सभी प्रकार के अतिक्रमण हटा दिए गए हैं।

## महिला के साथ दुष्कर्म कर कुएं में ढकेल दिया

# घायल महिला को उपचार के लिए रीवा भेजा दिया गया



**मैहर।**

मैहर जिले के ताला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुशमहट में एक युवक पर महिला से दुष्कर्म करने के आरोप लगे हैं। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी मजदूरी के बहाने उसे घर से ले गया और मैहर में दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपी उसे कुएं में फेंक कर फरार हो गया। महिला के कुएं में गिरे होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को कुएं से बाहर निकाला गया। पीड़ित महिला को इलाज के लिए रीवा के संजय गांधी हॉस्पिटल भेजा गया है वहीं पुलिस ने मामला दर्ज आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### 32 फीट गहरे कुएं में पड़ी थी महिला

प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 अप्रैल को मैहर जिले के ताला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुशमहट के कुएं में एक महिला के गिरने की सूचना ताला थाना पुलिस को मिली जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर देखा की 32 फीट गहरे सूखे कुएं में एक घायल महिला पड़ी हुई है जिसे ग्रामीणों के मदद से कुएं से निकाला गया। महिला ने बताया कि,वह सीधी की रहने वाली है,उसने बताया कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने उसे कुएं में फेंक दिया।

### महिला ने पुलिस को आपबीती बताई

महिला ने बताया कि 17 अप्रैल को रीवा निवासी उसकी पहचान का युवक उसे मजदूरी दिलाने के बहाने अपने साथ मैहर के कुशमहट ले गया था। वहां रेत रखने का काम बता कर बैठाए रहा,मौका पाकर उसने मेरे साथ दुष्कर्म किया फिर मेरा पैसा और मोबाइल छीन कर मुझे कुएं में धक्का देकर भाग गया। महिला के बयान आने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। ताला थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# ग्रामोदय के विद्यार्थियों ने स्फटिक शिला घाट पर किया श्रमदान



**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.भरत मिश्र की अगुवाई में प्रातः काल ग्रामोदय विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के स्वयंसेवकों ने स्फटिक शिला घाट एरिया की स्वच्छता हेतु साप्ताहिक श्रमदान किया। स्वच्छता हेतु श्रमदान कार्यक्रम में शामिल रहे। डॉ अतुल सिंह,सीएमओ संजय गांधी मेडिकल कॉलेज रीवा एवं डॉ हरिश्चंद्र द्विवेदी, संपर्क प्रमुख आरएसएस महाकौशल ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय के इस अभिनव प्रयास की सराहना की। इस मौके पर कुलगुरु प्रो.भरत मिश्रा ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे मंदाकिनी नदी में स्नान करते समय साबुन और शैंपू का उपयोग न करें। सिंगल उपयोग वाली प्लास्टिक और पोलीथीन को नदी में न फेंके। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं का यह कार्य प्राकृतिक जल के स्रोत को प्रवाहित रखने और नदी को स्वच्छ बनाएं रखने में सहायक होगा। ऊर्जा एवं पर्यावरण विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.शशिकांत त्रिपाठी,प्रो घनश्याम गुप्ता,राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के स्थानीय कार्यक्रम अधिकारी डॉ.उमेश कुमार शुक्ला सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने स्वच्छता हेतु साप्ताहिक श्रमदान कार्यक्रम में सहभागिता की।



# शासकीय भूमि को निजी बताकर 10 लाख की ठगी, सफेदपोश भू-माफियाओं पर मामला दर्ज

**फर्जी दस्तावेज बना कर 72 लाख में बेच रहे थे शासकीय भूमि, 10 लाख लिए थे एडवांस**

शिकायत कर्ता संदीप जड़िया पिता रामचरन जड़िया ने थाना अजयगढ़ में सुनाई थी दास्तां जिस पर हुई कार्यवाही मामले में अभी भी पड़ताल जारी प्रथम दृष्टया तीन लोगों के नाम चर्चा में, 10 लाख रूपये एडवांस वापस नहीं करने के कारण कार्यवाही की दिशा हुई तय वहीं मामला शासकीय जमीन का बताया जा रहा है।






अजयगढ़।

साथ ही राजनैतिक गलियारे में भी इस मामले को लेकर चचायें व्याप्त है। शासकीय जमीन बेचे जाने को लेकर 72 लाख में सौदा 10 लाख का एडवांस वहीं शासकीय जमीन निकलने पर क्रेता ने मना किया तो विवाद के हालात 10 लाख रूपये एडवांस के न देने को लेकर मामला पहुंचा अजयगढ़ थाना जहां थाना प्रभारी ने संवेदनशीलता के साथ फरियादी की दास्तां को सुनकर कार्यवाही को दिया अंजाम, फिलहाल मामला पंजीबद्ध आगे होता है क्या सबकी नजर।

पन्ना जिले के अजयगढ़ में शासकीय भूमि को निजी बताकर 10 लाख की ठगी के मामले में भाजपा नेता महेन्द्र गुप्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। शिकायतकर्ता संदीप जड़िया पिता रामचरन जड़िया उम्र 42 वर्ष निवासी अजयगढ़ ने अजयगढ थाना में शिकायती अनावेदक प्रस्तुत किया था कि महेन्द गुप्ता पिता बाला प्रसाद गुप्ता निवासी अजयगढ़ के द्वारा, अजयगढ़ कछियाना मोहल्ला वार्ड क्रमांक 10 में स्थित आराजी क्र. 1152/1 एवं 1152/2 दो प्लाट निजी बताकर 72 लाख रूपये में विक्रय हेतु सौदा तय कर 10 लाख रूपये एडवांस लेकर ठगी की गई है। थाना प्रभारी अजयगढ़ बखत सिंह द्वारा मामले की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति वंदना चौहान व एसडीओपी अजयगढ़ राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी बखत सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा मामले की जांच की गई, मामले में आवेदक, अनावेदक, नगर परिषद सीएमओ व तहसीलदार से भी जानकारी एकत्र की गई। सभी दस्तावेजों का परिक्षण किया गया। जांच में पता चला कि अनावेदक महेन्द गुप्ता द्वारा फरियादी को प्लाट आराजी क्र. 1152/1 एवं 1152/2 शासकीय आराजी धोखाधड़ी पूर्वक स्वयं की भूमि बताकर 72 लाख रूपये में सौदा तयकर 10 लाख रूपये एडवांस लिया गया है। फरियादी संदीप जड़िया द्वारा पैसे वापस मांगने पर महेन्द गुप्ता द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई। जिस पर अजयगढ़ थाना में 15 अप्रैल 2025 को महेन्द गुप्ता निवासी अजयगढ़ के खिलाफ धारा 318 (4), 351(2),296 बीएनएस के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है। मामले में नगर परिषद अजयगढ़ के उपाध्यक्ष राजकुमार खटीक व भाजता नेता संजय सुल्लेरे का नाम भी शामिल बताया जा रहा है, जिनकी अभी जांच की जा रही है। गौरतलब बात यह है कि इस मामले को लेकर जो एफआईआर में नाम महेन्द्र गुप्ता के खिलाफ आवेदन में उल्लेख किया गया है वहीं पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। संजय सुल्लेरे से जब जाना गया तो आपका कहना है कि इस मामले में पुलिस की बता सकती है मेरा नाम शिकायतकर्ता के द्वारा शायद नहीं लिया गया मामला चाहे जो हो पर इस वक्त जहां यह मामला सुर्खियों में बना हुआ है। देखना यह है कि इस मामले की पड़ताल के बाद क्या होता है जो स्वयं ही पुलिस की विवेचना व पड़ताल के बाद सामने आयेगा।

## खबर संक्षेप

### बृजपुर पशु अस्पताल से चिकित्सक हमेशा रहते हैं गायब, पशुपालक परेशान



**पन्ना।** पन्ना तहसील अंतर्गत ब्रिज पर में पशु चिकित्सा अस्पताल संचालित है लेकिन उक्त अस्पताल मे पदस्थ सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संदीप करेरिया चिकित्सालय से अक्सर गायब रहते हैं जिससे क्षेत्र के पशुपालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है पशुपालकों द्वारा बताया गया कि पशुओं को इलाज के लिए अस्पताल लाते हैं तो पशु चिकित्सक ही नहीं मिलते हैं जिससे पशुओं के इलाज नहीं हो पा रहा है इसके अलावा पशु मोबाइल बैन को भी फोन लगाने पर पशु चिकित्सक नहीं पहुंचते हैं इस क्षेत्र के अंतर्गत आधा सैकड़ा से अधिक ग्राम आते हैं क्षेत्र में अधिक मात्रा में लोगों द्वारा पशुपाल रखे हैं लेकिन इस प्रकार की लापरवाही से पशुपालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है स्थानीय लोगों ने जिला कलेक्टर से तथा उपसंचालक पशुपालन से संबंधित चिकित्सक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

### भीड़ भरे मेला में घुसी कार पांच लोगों को किया घायल महिला की मौत



**पन्ना।** पन्ना जिले के पवई विकासखंड अंतर्गत सिमरिया तहसील में ग्राम पंचायत बनौली में प्रति वर्ष कंकाली माता के स्थान कुआं ताल में नवरात्रि के अवसर पर प्रतिवर्ष मेला लगता है जिसमें दूर दराज से दुकानदार एवं श्रद्धालु लाखों की संख्या में पहुंचते हैं इस वर्ष भी विशाल मेला लगा हुआ था दिनांक 16 अप्रैल को मेला में झूला चलाने वाले रघुवीर शर्मा की कार द्वारा पांच लोगों को लापरवाही पूर्वक कुचल दिया गया जिसमें एक महिला की मौत भी हो गई बताया जाता है कि मेला में अंदर जाने के लिए बड़े वाहन प्रतिबंधित है उसके बावजूद झूला संचालक की कार ने मेला में प्रवेश किया तथा चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक कार चलाई जिससे पांच लोग कार की चपेट में आ गए तथा गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमें एक महिला की मौत हो गई महिला प्यारी बाई पति दूधिया 60 वर्ष ग्राम बरखेड़ा की मौत हो गई तथा पंचू प्रजापति 13 वर्ष टिकरी पिपरिया लक्ष्मी अहिरवार 40 वर्ष ग्राम टपरिया मनीषा पिता कृपाल आदिवासी 18 वर्ष गेसाबाद निर्मल अहिरवार 73 वर्ष निवासी बिल्हा घायल है जिनका इलाज चल रहा है कार क्रमांक यू.पी. 16 सी.ई. 2721 है पुलिस ने मामला कम कर लिया है।

### वन विभाग आदिवासियों का वन अधिकार के विपरीत हटा रहा अतिक्रमण



**पन्ना।** आदिवासी दलित क्रांति सेना के संयोजक केपी सिंह बुंदेला ने मिडीया को जानकारी देते हुए कहा कि पन्ना जिले में आदिवासी दलित वर्ग के साथ शासन-प्रशासन अत्याचार कर प्रताड़ति किया जा रहा है कोई कानून को मानने वाला नहीं है कानून के विपरीत पेड़ पौधे लगाने के नाम पर वन अधिकार कानून का घोर उल्लंघन हो रहा है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जानकारी हो कि बगत दो-तीन दिन से जीसीबी मशीन लेकर महोदरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिगवारा वन बीट पर आदिवासी किसानों के खेत में जेसीबी मशीन चलाकर 5 फीट गहरी नाली (टीच) नहर की तरह खोद कर किसानों का अतिक्रमण हटाया जा रहा है जो वन अधिकार के विपरीत है।

**पवई नगर के अंदर संचालित अंडा मांस की दुकानों पर प्रशासनिक कार्यवाही**

## जेसीबी मशीन से ढहाई दुकानें, जप्त किया सामान





पवई।

पवई नगर में संचालित अंडा, मांस, मछली की दुकानों के विरुद्ध लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थी। लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो रही थी, गुरुवार को एसडीएम समीक्षा जैन सख्त होते हुए नगर में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए नगर में स्टेट बैंक के आसपास संचालित दुकाने, खटीक मोहल्ला,करही मोड नन्ही पवई के साथ नगर परिषद पार्षद जफर खान के घर में संचालित दुकान पर ताबड़ तोड़ कार्यवाही की। जहां घर के अंदर पोल्ट्री फार्म संचालित था जिसको देखकर पवई एसडीएम भड़क गई और उन्होंने तत्काल ही नगर परिषद की टीम को बुलाकर सारी सामग्री को जप्त करवाया, इसके अलावा कई दुकानों पर जेसीबी मशीन भी चलवाई गई। बता दें कि नगर परिषद द्वारा अंडा मांस मछली के विक्रय हेतु चमरहा नाला पार कटनी रोड पर अरण्य भवन के सामने स्थान निर्धारित किया गया है, इसके बावजूद और बार-बार समझाइस देने के बाद भी नगर के अंदर ही दुकानें संचालित की जा रही थी, जिस पर कठोर कार्यवाही की गई। एसडीएम समीक्षा जैन और प्रशासन की इस कार्रवाई से नगर सहित क्षेत्र में प्रशासन की सराहना हो रही है। इस कार्यवाही में तहसीलदार प्रीति पंथी, नगर परिषद सीएमओ तबस्सुम खान, नायब तहसीलदार राकेश श्रीवास्तव, शिवम गौतम, थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी सहित राजस्व नगर परिषद एवं पुलिस टीम मौके पर मौजूद रही।

## मुख्यमंत्री ने की जल गंगा संवर्धन अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा



पन्ना।


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान में विभागवार क्रियान्वित गतिविधियों के संबंध में चर्चा कर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और आगामी दिवसों में भी जनप्रतिनिधि एवं जनसहभागिता से कार्ययोजना अनुसार निरंतर गतिविधियों का संचालन कर अभियान को सफल बनाने के लिए कहा। उन्होंने पन्ना सहित प्रदेश के 22 जिलों में अभियान अंतर्गत श्रेष्ठतम प्रगति पर सराहना भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 30 जून तक संचालित होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान में खेत तालाब योजना में शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करें। जनजागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन के साथ ही जन आस्था से जुड़े प्राचीन जल स्त्रोतों एवं केन्द्रों का जीर्णोद्धार सुनिश्चित किया जाए। विभिन्न जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन कार्य के साथ ऐतिहासिक महत्व की जल संरचनाओं में भी कार्य कराया जाए। मुख्यमंत्री ने ग्रीष्मकाल में शुद्ध पेयजल व्यवस्था, कानून व्यवस्था बनाए रखने, पराली जलाने की घटनाओं पर रोकथाम एवं प्रभावी कार्रवाई, आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों द्वारा निरंतर भ्रमण, गेहूं उपार्जन केन्द्रों पर किसानों के लिए सभी मूलभूत व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने, शासकीय कार्यालयों में आने वाली जनता की दिक्कतों का संवेदनशीलता के साथ निराकरण, ई-ऑफिस के क्रियान्वयन, वर्षाकाल में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए पूर्व तैयारी तथा खाद्य सामग्रियों की जांच के संबंध में भी जरूरी निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, वन मंडल अधिकारी दक्षिण अनुपम शर्मा, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## कम पानी के बावजूद कृषक सुब्रत मलिक आधुनिक पद्धति से कर रहे हैं बेहतर सब्जी उत्पादन




पन्ना।

पन्ना जिले की ग्राम पंचायत मनौर के जरूआपुर गांव के कृषक सुब्रत मलिक उद्यानिकी फसलों की खेती कर आर्थिक रूप से सशक्त बने हैं। सुब्रत विगत तीन वर्ष से कम पानी के बावजूद अपने खेत में उद्यानिकी फसलों की बेहतर पैदावार कर रहे हैं। उन्होंने उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के माध्यम से उद्यानिकी फसलों एवं सब्जी उत्पादन के तरीके सीखे और आवश्यक प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर अपने लगन एवं परिश्रम की बदौलत सफल उद्यानिकी कृषक बने। 34 वर्षीय सुब्रत ने वाणिज्य संकाय में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की है और कुछ वर्ष तक निजी कंपनी में नौकरी भी की। इसके बाद उन्नत तकनीक के जरिए स्वयं की भूमि पर गैर परंपरागत कृषि करने के बारे में सोचा। उद्यानिकी विभाग के माध्यम से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का लाभ प्राप्त किया और बैंक ऋण की सहायता एवं कृषक अंश की राशि से परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर लगभग 5 एकड़ जमीन में पर्वल, टमाटर, बैंगन एवं तरबूज की खेती करने लगे। स्थानीय बाजार एवं पन्ना सहित सतना जिले में भी सब्जियों की मांग पर उन्होंने इनके आपूर्ति एवं विक्रय की बेहतर कार्ययोजना बनाई और शुद्ध आय में प्रतिवर्ष निरंतर बढ़ोत्तरी से उत्साहित सुब्रत ने आगामी दिवसों में पॉली एवं नेट हाउस भी स्थापित करने की ठानी है। सुब्रत का कहना है कि नवाचार और आधुनिक पद्धति से पानी की कम उपलब्धता के बावजूद भी बढ़िया पैदावार प्राप्त की जा सकती है। ड्रिप सिंचाई एवं मल्चिंग पद्धति के उपयोग से उनकी दो गुनी से अधिक आय संभव हुई। वर्तमान में पूरी तरह से कृषि आजीविका पर निर्भर कृषक सुब्रत मलिक परिवार का बेहतर भरण पोषण कर रहे हैं। साथ ही उनके इस प्रयास से क्षेत्र के अन्य कृषक भी प्रेरित हुए हैं। इनके द्वारा जैविक खाद का उत्पादन भी किया जा रहा है।



## कृषि उपज मंडी के संभागीय उड़न दस्ता प्रभारी ने अमानगंज में की छापामार कार्यवाही, गल्ला व्यापारियों में हड़कंप

अमानगंज।

कृषि उपज मंडी प्राधिकरण के सागर संभाग ज्वाइंट डायरेक्टर द्वारा गठित निरीक्षण दल कृषि उपज मंडियों का निरीक्षण कर व्यापारियों पर कार्रवाई कर रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को कृषि उपज मंडी के संभागीय उड़नदस्ता प्रभारी ने अपनी टीम के साथ अमानगंज पहुंचकर अमानगंज नगर में संचालित गल्ला व्यापारियों के भंडारंग ग्रह को चेक किया,जिसमें लापरवाही पाए जाने के कारण सात व्यापारियों के खिलाफ नोटिस काटने की कार्यवाही की गई। साथ ही ईनको चालान भी भरना पड़ेगा। इसके बाद उड़न दस्ता के प्रभारी ने अमानगंज कृषि उपज मंडी पहुंचकर मंडी का भी निरीक्षण किया साथ ही मंडी को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए गए। वही निरीक्षण दल के प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया, कि मंडी अधिनियम के तहत सात लोगों पर कार्यवाही की गई है। जिनमें राहुल ट्रेडर्स कंपनी, दिव्यांश ट्रेडर्स, नरेश कुमार चोदहा, नागा जी ट्रेड्र्स, सौरभ टेर्डस, सेख नतीर एवं मोहित टेर्डिंग के विरुद्ध मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

## जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी जमीनी हकीकत को जानने व प्रगति को लेकर तत्पर

**विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाने को लेकर जहां जेआरएस व पंचायत सचिवों को नोटिस के माध्यम से कार्यों में तत्परता को लेकर कार्यवाही वहीं जल गंगा संवर्धन योजना को जमीन में खुद भागीदारी की ओर जमीन में खुद पहुंचकर किये जा रहे प्रयास**



पन्ना।

जिले में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की कार्य प्रणाली इन दिनों सुर्खियों में है आपके द्वारा पंचायतों में योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर जहां दृढता से प्रगति चाही जा रही है वहीं जो प्रगति को लेकर गंभीर नहीं ऐसी पंचायतों के जिम्मेदार सचिवों व रोजगार सहायकों को नोटिस भी जारी किये जा चुके है वहीं वर्तमान समय में जहां इस समय पारा गर्मी का देखते ही बनता है। फिर भी जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी जमीनी रूप से जहां योजनाओं के क्रियानवयन को लेकर स्वयं ही गंभीर है। वर्तमान समय में जहां प्रदेश सरकार की महत्वाकांछी योजना जल गंगा संवर्धन अभ्यिान को लेकर जल के महत्व को ध्यान में रखकर भविष्य में भी जल की जरूरत तथा जल के श्रोतों को बचाने के लिये आम जनता में भावना विकसित होना चाहिये साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान में आम जनता की भागीदारी भी समाहित हो वहीं शासन के प्रतिनिधि के रूप में जिस तरह से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत स्वयं ही पंचायतों में पहुंचकर विशेषतौर पर जो गांव जल संवर्धन को लेकर जल गंगा अभियान में कार्य के क्रियान्वयन को लेकर माने जा रहे है उनमें आपकी उपस्थिती भी जहां होती है वहां स्वयं ही कार्यों में आम जनता की रूचि भागीदारी के रूप में कहीं न कहीं आयेगी ही क्योंकि जनता अधिकारी शामिल होकर जब जन भागीदारी निभायेंगे अपने-अपने कर्तव्यों को लेकर तभी तो जल गंगा संवर्धन अभियान सार्थक होगा। उदाहरण के तौर जिले की अजयगढ जनपद अंतर्गत ग्राम भुजबई में जहां जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर आज जमीनी दास्तां को समझते हुये वहीं इस गांव में समाजिक संस्था समर्थन के द्वारा भी प्रयास किये गये है। जहां आज जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ जिला पंचायत की उपस्थिती में साथ ही मनरेगा प्रभारी संजय सिंह परिहार की उपस्थिती में ग्राम भुजबई में जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर जिस तरह से कार्य किये जा रहे है जो निश्चिततौर पर गांव की जनता के लिये अपने आप में भावी भविष्य को ध्यान में रखते हुये बेजोड़ माना जा रहा है। कार्यक्रम का सफल संचालन समर्थन संस्था के प्रमुख ज्ञानेन्द्र तिवारी द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप



### सड़क हादसे में युवक की मौत

छतरपुर। शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरा पहाड़ी के पास शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गोपाल रैकवार उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम अतरार के रूप में हुई है। अतरार निवासी गोविंद रैकवार ने बताया कि मृतक गोपाल रैकवार छतरपुर की एक नमकीन फैक्ट्री में काम करता था। बीत रात करीब 11 बजे ड्यूटी के बाद वह घर लौट रहा था तभी चोरा पहाड़ी के पास दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### छतरपुर में भीषण गर्मी का प्रकोप, जनजीवन अस्त-व्यस्त



छतरपुर। छतरपुर जिले में इन दिनों भीषण गर्मी ने लोगों का जनजीवन बेहाल कर रखा है। शनिवार को जिले के खजुराहो क्षेत्र में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़ों ने लोगों को दिन में घरों से बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है। छतरपुर के अधिवक्ता रवि पांडे ने बताया कि आसमान से आग बरसती प्रतीत हो रही है। शहर के लोग जरूरी कार्यों के अलावा घरों से बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं। बाजारों में भी दोपहर के समय सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है। गर्मी का असर विशेष रूप से दिहाड़ी मजदूरों, राहगीरों और स्कूली बच्चों पर देखने को मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि अस्पतालों में भी गर्मी से जुड़ी समस्याओं को लेकर मरीजों की संख्या में भी इज़ाफा हुआ है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को लू से बचने के लिए एहतियात बरतने की सलाह दी है। डॉक्टरों का कहना है कि बिना वजह धूप में न निकलें, हल्के और ढीले कपड़े पहनें तथा पानी और अन्य तरल पदार्थों का अधिक सेवन करें।

### निःशुल्क प्याऊ का हुआ शुभारंभ, राहगीरों और स्कूली बच्चों को मिलेगी राहत



छतरपुर। गर्मियों की तपती दोपहर में राहगीरों और स्कूली बच्चों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से डेरा पहाड़ी स्थित जैन मंदिर के बाहर शनिवार को एक निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। यह प्याऊ जैन समाज एवं वार्ड क्रमांक 16 की पार्षद गीता तिवारी के सहयोग से शुरू की गई है। प्याऊ के शुभारंभ अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि दिनेश तिवारी ने बताया कि यह सेवा विशेष रूप से स्कूली बच्चों और राहगीरों को ध्यान में रखकर शुरू की गई है, जिससे उन्हें गर्मी में शुद्ध और ठंडा पानी मिल सके। शुभारंभ कार्यक्रम में समाजसेवी आर.के. जैन, दिनेश तिवारी, प्रदीप जैन, रितेश जैन, चंचल जैन और निर्मल जैन सहित जैन समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। वहीं स्थानीय लोगों और राहगीरों ने भी इस पहल की सराहना की है।

### खा ली जहरीली दवा, युवक की मौत

छतरपुर। उत्तर प्रदेश के महोबा जिले के चुराई गांव निवासी एक युवक ने जहरीली दवा खा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान हृदेश राजपूत उम्र 35 वर्ष के रूप में हुई है, जो शराब पीने का आदी बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार दोपहर लगभग 2 बजे मृतक हृदेश राजपूत को उसकी मां ने शराब पीने से मना किया था। इसी बात से नाराज होकर हृदेश ने घर में रखी जहरीली दवा का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ते ही परिजन उसे तत्काल महोबा जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे छतरपुर रेफर कर दिया। छतरपुर जिला अस्पताल पहुंचने पर ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने हृदेश को मृत घोषित कर दिया। शनिवार को मृतक का पोस्टमार्टम किया गया, जिसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

### बीआरसी की प्रतिनियुक्ति समाप्त

छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देश पर बीआरसी छतरपुर कृष्णकांत अग्निहोत्री की प्रतिनियुक्ति समाप्त कर उन्हें मूल पद उच्च माध्यमिक शिक्षक पर वापस भेज दिया गया है।

## घटना सीसीटीवी में हुई कैद, पुलिस जांच में जुटी

# शातिर चोर ने नकली चेन से बदली असली सोने की चेन



छतरपुर।

शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपरसनिया मोहल्ले में एक सोने-चांदी की दुकान में शातिर तरीके से की गई चोरी का मामला सामने आया है। उक्त घटना का वीडियो दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है, जिसमें एक युवक बेहद चालाकी से असली सोने की चेन की जगह नकली चेन रखता दिखाई दे रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिपरसनिया मोहल्ले में संचालित लखन सोनी की स्वर्ण आभूषण दुकान पर बीते रोज एक युवक, ग्राहक बनकर पहुंचा। उसने लखन सोनी से सोने की चेन दिखाने की बात कही। दुकानदार द्वारा चेन निकालकर दिखाने पर आरोपी ने चेन को ध्यानपूर्वक देखा और मौका पाकर बड़ी ही चालाकी से नकली चेन से असली सोने की चेन की अदला-बदली कर दी। इसके बाद वह कुछ न लेने का बहाना बनाकर दुकान से बाहर निकल गया। जब दुकानदार लखन सोनी को शक हुआ तो उन्होंने दुकान के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें पूरी घटना स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। लखन सोनी ने तत्काल कोतवाली थाना पहुंचकर पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### कांग्रेस कार्यक्रम में सक्रिय रहे जेबकतरे, दो गिरफ्तार सिविल लाइन और मातगुवां थाना पुलिस ने की कार्रवाई

छतरपुर। शुक्रवार को छतरपुर में आयोजित कांग्रेस के एक बड़े कार्यक्रम के दौरान जेबकतरों ने भीड़ का फायदा उठाकर कई लोगों को अपना शिकार बना लिया। कार्यक्रम के दौरान जेब कटने और पर्स चोरी की कई घटनाएं सामने आईं थीं, जिनकी शिकायत पुलिस से की गई थी। शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए सिविल लाइन और मातगुवां थाना पुलिस ने दो जेबकतरों को गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर जेबकतरों का गिरोह सक्रिय था, जिसने मौके का फायदा उठाकर कई लोगों की जेबें काटीं और पर्स उड़ा लिए। जैसे ही चोरी की शिकायतें सामने आईं, पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध को हिरासत में लिया। वहीं दूसरी ओर मातगुवां थाना पुलिस ने भी एक चोर को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने पूछताछ में चोरी की वारदातों को स्वीकार किया है। थाना प्रभारी चौबे ने बताया कि गिरफ्तार चोरों से गहन पूछताछ की जा रही है और उनसे मिली जानकारी के आधार पर अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# छतरपुर के समाजसेवियों की पहल

## रियासतकालीन जलस्रोतों के पुनरोद्धार की मांग



### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिला प्रशासन को दी जा रही जानकारी

छतरपुर।

जल संरक्षण के उद्देश्य से प्रदेश में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत छतरपुर के समाजसेवियों ने एक सराहनीय पहल की है। दरअसल छतरपुर के समाजसेवी, शहर के रियासतकालीन जलस्रोतों की खोज कर उनकी जानकारी जिला प्रशासन को उपलब्ध करा रहे हैं, ताकि इन जलस्रोतों का जीर्णोद्धार कराया जा सके।

समाजसेवी राजेन्द्र अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इन दिनों पूरे प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित हो रहा है। छतरपुर शहर में कई पुराने जलस्रोत मौजूद हैं, जो अब गुमनामी में खो चुके हैं। उन्होंने बताया कि हमने अब तक 15 से 20 ऐसे जलस्रोतों की पहचान की है, जिनकी स्थिति काफी जीर्ण-शीर्ण हो चुकी है। आम जनता अब इन जलस्रोतों को पहचान तक नहीं पा रही है, लेकिन हमारा प्रयास है कि शासन-प्रशासन के संज्ञान में लाकर इनका जीर्णोद्धार किया जाए। उन्होंने बताया कि एक समय पर यही कुएं, बावडिय़ां शहर की जीवन रेखा हुआ करती थीं। अगर इन्हें फिर से उपयोगी बनाया जाए तो यह जल संकट को काफी हद तक कम कर सकती हैं। इसके साथ ही उन्होंने शहर के तालाबों पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने की भी मांग की। वहीं भाजपा के जिला महामंत्री बृजेश सिंह राय ने भी अभियान को समर्थन देते हुए कहा, मेरी पत्नी वार्ड क्रमांक 12 की पार्षद हैं। हमने इस विषय को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष से चर्चा की है। उन्होंने सकारात्मक रूप से आश्वासन दिया है कि इन पुराने जलस्रोतों के संरक्षण और पुनरोद्धार के लिए प्रयास किए जाएंगे।

## प्रदेश प्रभारी, प्रदेशाध्यक्ष और सह प्रभारी ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद

# देर रात तक चलती रही कांग्रेस की विधानसभावार बैठकें




छतरपुर।

कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के उद्देश्य से बीते रोज छतरपुर में देर रात तक विधानसभावार बैठकें चलती रहीं। जिले में आए मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव हरीश चौधरी, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और सह प्रभारी चंदन यादव ने जिले की सभी छह विधानसभाओं के कार्यकर्ताओं से अलग-अलग संवाद किया।

शहर के एक निजी विवाह घर में आयोजित इन बैठकों में संगठन की वर्तमान स्थिति, आगामी रणनीतियां और जमीनी स्तर पर पार्टी की पकड़ को मजबूत करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए आह्वान किया कि आपसी मतभेदों को भुलाकर संगठन को सशक्त करने की दिशा में एकजुट प्रयास किए जाएं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अब प्रत्येक विधानसभा में बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाई जाएगी और स्थानीय मुद्दों के आधार पर रणनीति तैयार कर जनसमस्याओं को प्राथमिकता से उठाया जाएगा। वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे अपने क्षेत्र के प्रत्येक बूथ तक पहुंचकर जनसंपर्क करें और कांग्रेस की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाएं। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि आगामी चुनावों में कांग्रेस किस प्रकार एकजुटता के साथ उतर सकती है और किन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है। कुल मिलाकर यह बैठक कांग्रेस के सांगठनिक ढांचे को सुदृढ़ करने और कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार करने की दिशा में एक अहम पहल साबित हुई। वरिष्ठ नेताओं ने विश्वास जताया कि कार्यकर्ताओं के सहयोग से कांग्रेस आगामी समय में जिले में बेहतर प्रदर्शन करेगी।

# खजुराहो में स्कूल वैन पर पथराव

## एक बच्चा घायल, तीन युवक हिरासत में



### जांच में जुटी पुलिस, वैन मालिक ने नहीं दी लिखित शिकायत

छतरपुर।

खजुराहो में शुक्रवार को स्कूल की छुट्टी के बाद घर लौट रही एक स्कूल वैन पर मंजूर नगर इलाके में पथराव की घटना सामने आई। इस पथराव में एक स्कूली छात्र को कान में चोट लगी, जबकि वैन के कांच भी क्षतिग्रस्त हो गए।

वैन चालक सुखलाल ने बताया कि वैन बच्चों से भरी हुई थी। जब वह मंजूर नगर क्षेत्र से गुजर रहे थे तभी, कुछ युवकों ने वैन पर पत्थर फेंक दिए। हादसे में एक बच्चा घायल हो गया था, जिसका उपचार कराया गया है। वहीं वैन मालिक अनिल मिश्रा ने घटना की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद खजुराहो पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए किट्टू खान, फरदीन खान और तासिब खान नामक तीन युवकों को हिरासत में लिया। पुलिस द्वारा की जा रही प्रारंभिक पूछताछ में युवकों ने बताया कि वे आपस में मज़ाक में एक-दूसरे को पत्थर मार रहे थे और गलती से पत्थर वैन पर जा लगा। एसडीओपी नवीन दुबे ने बताया कि फिलहाल स्कूल वैन मालिक द्वारा कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है, लेकिन पुलिस ने एहतियातन तीनों युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। मामले की जांच जारी है और सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# थाने के भीतर जप्तशुदा वाहनों में लगी आग, मचा हड़कंप

छतरपुर।

शहर के सिविल लाइन थाना परिसर के बाहर शुक्रवार दोपहर अचानक उस समय हड़कंप मच गया जब अपराधों में जब्त एक चार पहिया वाहन में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पास खड़ी अन्य गाडिय़ों को भी चपेट में ले लिया। घटना दोपहर करीब 1:30 बजे की बताई जा रही है। आग की सूचना मिलते ही थाने से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की। तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, जिसके बाद दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। काफी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम ने मिलकर आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि आग थाना भवन तक नहीं पहुंची, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। प्राथमिक जांच में आग लगने के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।



# कलेक्टर में निर्देशन में ग्राम क़दारी में खड़ी नरवाई में सुपरसीडर द्वारा सीधी बुवाई का किया गया प्रदर्शन

छतरपुर।

कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में शनिवार को ग्राम कदारी वि.ख. छतरपुर में कृषक सुरेश बिदुआ के खेत में खड़ी नरवाई में सुपरसीडर द्वारा बुवाई का प्रदर्शन किया गया। जिसमे उपसंचालक कृषि, सहायक कृषि यंत्री, अनुविभागीय अधिकारी कृषि एवं ग्रामीण कृषक उपस्थित रहे। हैप्पीसीडर एवं सुपरसीडर जैसे उन्नत कृषि यंत्रों की सहायता से किसान धान, गेहूं एवं सोयाबीन की कटाई के उपरांत खड़ी नरवाई में सीधे बुवाई कर सकते है। एक ही प्रक्रिया में जुताई एवं बुवाई एक साथ हो जाती है जिससे समय और लागत दोनों की बचत होती है। नरवाई में आग लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है नरवाई मृदा मे मिल जाने से उर्वरा शक्ति में वृद्धि होती है



### हैप्पीसीडर एवं सुपरसीडर के लिए ई कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर कर सकते हे आवेदन

वर्तमान में हैप्पीसीडर एवं सुपरसीडर के लिए किसानो से आनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है हैप्पीसीडर पर 81400 रुपए एवं सुपरसीडर पर 1 लाख 20 हजार रुपए तक का अनुदान है। इच्छुक किसान 4500 रुपए का डिमांड ड्राफ्ट सहायक कृषि यंत्री के नाम से बनवाकर ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते है।

# केंद्रीय मंत्री की जन चौपाल के बाद एसडीएम व नायब तहसीलदार से झूमा झटकी

### अवैध कब्जे की शिकायत के बाद भड़के आरोपी, तीन लोगों पर मामला दर्ज

छतरपुर।

जिले के बारी गांव में शुक्रवार को आयोजित केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार की जन चौपाल कार्यक्रम के बाद एक बड़ी घटना सामने आई। दरअसल चौपाल समाप्त होने के बाद कुछ दबंगों द्वारा एसडीएम और नायब तहसीलदार के साथ कथित रूप से झूमाझटकी और मारपीट की गई। इस मामले में गढ़ीमलहरा थाना पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जन चौपाल के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने केंद्रीय मंत्री से शिकायत की थी कि गांव के कुछ दबंग लोग मंदिर में आमजन को दर्शन नहीं करने देते और मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। मंत्री द्वारा अधिकारियों को इस पर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। जैसे ही चौपाल खत्म हुई और प्रशासनिक अधिकारी मौके का जायजा लेने पहुंचे, वहां मौजूद अमित साहू, वीरेंद्र कुशवाहा और कृष्णकांत कुशवाहा ने अधिकारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया और झूमाझटकी की। गढ़ीमलहरा पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जांच भी शुरू कर दी गई है।

### इनका कहना

बारी गांव में मंदिर को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई है, जिसे सुलझाने के लिए प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान कुछ लोगों द्वारा अधिकारियों से अभद्रता किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर कुछ लोगों को हिरासत में लिया है और पूछताछ जारी है।

**अमित मेश्राम, एसडीओपी, नौगांव**

बारी गांव में ग्रामीणों ने एकजुट होकर शिकायत की कि श्रीरामलला मंदिर में कुछ दबंग कब्जा किए हुए हैं वे आपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं। इस कारण गांव के लोग जा नहीं पाते थे। हम लोग वहां निरीक्षण करने गए थे जहां उन लोगों द्वारा बहस की गई जिसके बाद पुलिस फोर्स को बुलाया गया और उन पर कायमी कराई गई। मंदिर की लगभग 29 एकड़ जमीन पर कब्जा किए थे। गांव के लोग मंदिर में दर्शन नहीं कर पा रहे थे। गांव वालों के लिए अब मंदिर खोला गया है।

**अखिल राठौर**
**एसडीएम, छतरपुर**

**खबर संक्षेप**

## वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे बाइक सवार को तेज रफ्तार कार ने लिया चपेट में, एक की मौत

**रीवा।** जिले के सगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत भीषण सड़क हादसे का मामला सामने आया है बता दे सगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सेदुरा गांव के समीप हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हुए जिन्हे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बाइक से वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने एक ही परिवार के लोग जा रहे थे, तभी अचानक तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी, परिजनों ने बताया कि इटौरा निवासी महेंद्र साकेत अपनी पत्नी सुनीता साकेत बच्ची सोना साकेत सहित दो माह के बच्चे को लेकर सदहना गांव वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान सुबह तकरीबन 11.30 बजे सेदूरा मोड़ के समीप क्विड कार जो सिरमौर की ओर से आ रही थी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान महेंद्र साकेत की मौत हो गई है, जबकि उसकी पत्नी सुनीता साकेत और बेटी सोना साकेत को गंभीर रूप से घायल है, जिनका उपचार संजय गांधी अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद पुलिस ने कार को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर रही है।

## एमपी ट्रांसको वेबसाइट पर पेंशनरों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र सुविधा शुरू

**रीवा।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने अपने पेंशनरों और उनके आश्रितों के लिए ऑनलाइन सेवाओं को बेहतर बनाने हेतु अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर नई सुविधाएँ शुरू की हैं। एक प्रमुख पहल के रूप में, अब पेंशनर कहीं से भी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (जीवन प्रमाण पत्र) सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। एमपी ट्रांसको के मुख्य वित्तीय अधिकारी मुकुल महरोत्रा ने बताया कि पहले पेंशनरों या उनके आश्रितों को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए एमपी ट्रांसको के कार्यालयों में जाना पड़ता था, लेकिन अब यह आवश्यकता समाप्त कर दी गई है। इस नई सुविधा के साथ, डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र सेवा अब वेबसाइट पर आसानी से उपलब्ध है। पेंशनर अब अपनी पेंशन की स्थिति की जांच कर सकते हैं और वर्तमान जीवन प्रमाण पत्र की वैधता भी ऑनलाइन देख सकते हैं। इससे उन्हें समय पर डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने में मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त, वेबसाइट पर एक समर्पित टैब भी जोड़ा गया है, जहाँ पेंशनरः अपनी पेंशन स्लिप देख और डाउनलोड कर सकते हैं। इनकम टैक्स फॉर्म-16 एक्सेस कर सकते हैं और डाउनलोड कर सकते हैं। वर्तमान में एमपी ट्रांसको के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन और पारिवारिक पेंशन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के माध्यम से वितरित की जाती है, जिसमें 4,285 पेंशनर जुड़े हुए हैं। भविष्य में इस प्रणाली को अन्य बैंकों से भी जोड़े जाने की योजना है।

**जाम का तांडव, रेवांचल एक्सप्रेस छूटने से सैकड़ों मुसाफिर बेहाल**

## शहर की बदहाल यातायात व्यवस्था ने बढ़ाई लोगों की परेशानी सड़कों पर सुबह में शाम तक जाम



**रीवा।** शहर की बदहाल यातायात व्यवस्था किसी से छिपी नहीं है, जिसे व्यवस्थित करने के विभाग द्वारा प्रयास किए जाने के बाद भी राहत नहीं मिल रही है। शहर मे कई पुलिसकर्मी यातायात व्यवस्था बनाने के लिए तैनात किए गए हैं। जिनका काम है यातायात को व्यवस्थित करना। कुछ कर्मचारी बदहाल व्यवस्था को संभालने की बजाय चौक चौराहों पर फोन में बतियाते रहते हैं, या अपने दोस्तों से सड़क किनारे बात करने में मशगूल दिखाई देते हैं। कई बार बिना चालान पर्ची दिए पैसे ले लिए जाते हैं। वाहन चालक बताते हैं कि गाड़ी के सारे कागजात रहने के बाद भी चालान काट दिया जाता है। शहर में सुबह से शाम तक जाम की स्थिति बनी रहती है किंतु यातायात व्यवस्था संभालने वाले अपने ही वसूली अभियान में व्यस्त रहते हैं। शुक्रवार को बदहाल यातायात व्यवस्था के कारण सैकड़ो लोगों की ट्रेन छूट गई, बता दे रेवांचल एक्सप्रेस जैसी महत्वपूर्ण ट्रेन के समय पर जय स्तंभ चौराहे से लेकर बड़ी पुल और ढेकहा तिराहे तक एक भयंकर ट्रैफिक जाम ने पूरे शहर की रफ्तार थाम दी, आलम यह रहा कि सैकड़ों यात्री अपनी ट्रेन तक नहीं पहुंच सके जिससे उनकी ट्रेन छूट गई, बता दे किसी ने ऑटो पकड़ा, कोई पैदल दौड़ पड़ा लेकिन हर रास्ता बंद मिला, हर गली जाम में जकड़ी रही, कई परिवार जो इलाज, इंटरव्यू, नौकरी, या परीक्षा के लिए ट्रेन पकड़ने निकले थे, लेकिन अब सिर पकड़कर वहीं फुटपाथ पर बैठ गए है वही इस बीच कोई भी ट्रैफिक पुलिसकर्मी सड़क पर नजर नहीं आया, करीब डेढ़ घंटे तक लोग जाम में फंसे रहे। लोग जाम के झाम में फस कर परेशान हो रहे थे वहीं दूसरी ओर ट्रैफिक पुलिस चौराहों पर चालानी कार्रवाई कर वाहवाही ही लूटने में व्यस्त थी। रेवांचल ट्रेन टाइम पर प्रतिदिन होती है यही समस्या ट्रैफिक जाम में फंसे लोगों ने बताया कि अगर किसी जरूरी काम को निपटाने के लिए जा रहे हैं तो सड़क पर ट्रैफिक जाम में फंस जाते हैं। प्रतिदिन रेवांचल ट्रेन टाइम पर यही स्थिति होती है शहर के मुख्य बाजार से लेकर रेलवे स्टेशन तक जाम लगा रहता है किंतु इस बीच कोई पुलिसकर्मी समय से जाम को खुलवाने नहीं पहुंचता जनता परेशान रहती है और लोगों की ट्रेन छूट जाती है, लोगों के अनुसार जब तक भारी वाहनों में सामान की लोडिंग अनलोडिंग नहीं हो जाती तब तक जाम लगा रहता है। कई बस वाले भी सड़क पर ही अपने वाहन को खड़ा कर सवारी बैठाते हैं, इससे भी दिन भर में कई बार ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है।

### बोले शहरवासी

शहर में लगातार जाम की समस्याएं बढ़ रही है. लोगों को सड़क पर चलना मुश्किल हो रहा है. जाम को नियंत्रण करने के लिए भी किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं की जा रही है.
**-अनुराग पाण्डेय**

रेवांचल ट्रेन एक महत्वपूर्ण ट्रेन है जो रीवा से होकर भोपाल जाती है ट्रेन के समय में प्रतिदिन जाम की स्थिति बनती है किंतु यातायात पुलिस द्वारा कोई भी व्यवस्था नहीं बनाई जा रही है जिसके कारण आए दिन लोगो की ट्रेन छूट जाती है।
**-ओम द्विवेदी**

बाजार जाने में काफी परेशानी होती है. पैदल चलने की भी जगह नहीं मिलती. स्कूल बसें भी जाम में फंसी रहती हैं. प्रशासन को ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करना चाहिए।
**- शिवम सिंह**

जॉब के लिए भोपाल में मेरा इंटरव्यू था, शनिवार को सुबह मुझे भोपाल पहुंचना था किंतु जाम में फंसने के कारण मेरी ट्रेन छूट गई, अब मुझे मेरी जॉब नहीं मिलेगी, रीवा की यातायात व्यवस्था पूर्ण रूप से खराब है।
**-अमन सिंह**

मैं अपने मम्मी को लेकर इलाज कराने भोपाल जा रहा था ट्रेन के समय के एक घंटा पहले घर से निकला था, किंतु जय स्तंभ चौराहे के पास मै कई घंटो तक जाम फंसा रहा, पैदल जाने का भी प्रयास किया किंतु पहुंच नहीं पाया और मेरी ट्रेन छूट गई, रीवा की यातायात व्यवस्था बहुत खराब है।
**- प्रदीप कुमार मिश्रा**

## दूल्हे ने शादी से किया इनकार नाराज दुल्हन ने खाया जहर



**रीवा।** जिले के मनगवां थाना क्षेत्र के मिसिरगवा गांव से एक हैरानी कर देने वाला मामला सामने आया है, बता दे कि दूल्हे ने शादी से इंकार किया तो नाराज दुल्हन ने जहर निगल लिया है जिनका इलाज संजय गांधी अस्पताल में चल रहा है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार विवाह तय हो गया था और डेट भी आ गई थी इसके बाद अचानक दूल्हे ने कहा कि वह बड़ी की जगह छोटी लड़की से विवाह करना चाहता है,, दोनों ही पक्ष के लोगों ने मामले की शिकायत थाना पुलिस से की है। दूल्हे पक्ष का कहना है कि जिस लड़की से शादी होने थी उसका दूसरा विवाह किया जा रहा था, जिसकी जानकारी उन्हे नहीं दी गई थी, जिसके चलते लड़के ने विवाह से मना कर दिया, वहीं लड़की पक्ष का कहना है कि लड़के पक्ष को सबकुछ पता था लेकिन तिलक के बाद वो बदल गए। दूल्हे के द्वारा लिए गए इस फैसले से शादी के घर में जैसे भूचाल आ गया और इसी दौरान दुल्हन में जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जिसे गंभीर हालत में रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूल्हे के द्वारा शादी से इनकार किए जाने के बाद मामला पुलिस के पास पहुंच गया और दोनों ही पक्षों ने थाने में अपनी अपनी बात रखी। एक ओर दुल्हन के परिजनों का कहना है कि शादी के दिन दूल्हे में अचानक फैसला बदला और बड़ी बेटी की जगह छोटी बेटी से शादी करने की बात करने लगा, जबकि 2 दिन पूर्व 16 अप्रैल को ही तिलक कार्यक्रम संपन्न हुआ है और शुक्रवार को बारात रीवा के विराट पैलेस में आने वाली थी। दूल्हे के द्वारा लिए गए इस फैसले से शादी के घर में गम का माहौल व्याप्त हो गया।

**लड़की पहले से शादीशुदा थी :** मामले में दूल्हे का आरोप है की लड़की पहले से शादीशुदा थी जिसका 2022 में तलाक हुआ है इसकी जानकारी उसे नही थी। दूसरी और दुल्हन पक्ष का कहना है कि जिस व्यक्ति के द्वारा शादी लगाई गई थी वह दूल्हे का रिश्तेदार है और सारी जानकारी दी गई थी । परिजनों ने बताया कि दूल्हा सीधी जिले के परसीधी गांव का निवासी है और विवाह तय होने के बाद वह निरंतर संपर्क में रहा है। जब यह मामला पुलिस के पास पहुंचा तो मामला बनने की बजाय बिगड़ता हुआ दिखाई देने लगा इस बात को लेकर दुल्हन ने जहर का सेवन कर लिया जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

**तिलक मे दहेज की रकम लेने के बाद इनकाः** फरवरी से दोनों पक्षों के बीच शादी की बातचीत चल रही थी। इस बीच लड़के पक्ष ने किसी भी तरह की आपत्ति नहीं की। तिलक में दहेज की रकम सहित उपहार लेने के बाद उन्होंने अगले ही दिन शादी से इनकार कर दिया। उनका आरोप था कि युवती की पूर्व में शादी हो चुकी है और उसका पहले पति से तलाक हुआ है।

## पानी की हर बूंद को सहेजने के लिए गांव-गांव हो रहे जल संरक्षण के कार्य



**रीवा ।** जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है अभियान के तहत पानी की हर बूंद को सहेजने और धरती माँ के जल भण्डार को समृद्धि करने के लिए बड़े पैमाने पर जल संरक्षण के कार्य किये जा रहे हैं। अमृत सरोबर और खेत तालाबों के निर्माण के साथ पुराने तालाबों और स्टाप डैंप की साफ सफाई और सुधार का कार्य किया जा रहा है। कुंएं और नलकूपों में रिचार्ज पिट बनाये जा रहे हैं। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मऊगंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत झलवार में सहायक यंत्री अंकिता सोहगौरा एवं उपयंत्री बैकुंठ शुक्ला ने खेत तालाब तथा टूबेल में रिचार्ज पिट निर्माण का लेआउट देकर इनका निर्माण कार्य शुरू कराया। वन विभाग द्वारा महेबा वन क्षेत्र में चेकडैम्प निर्माण और परकुलेशन डैम्प में सुधार का कार्य किया जा रहा है। इसी तरह ग्राम मुरली में जल चौपाल का आयोजन करके ग्रामवासियों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। पीएचई विभाग ने ग्राम घूमा कटरा में नल जल योजना की पाइप लाइन में लिकेज का सुधार कराया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हनुमना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत फूलबजरंग सिंह में तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा ने जनपद पंचायत सिरमौर में अमृत सरोबर का निरीक्षण किया। सहायक यंत्री अंकिता सोहगौरा ने ग्राम हटवा सोरेहान में चेकडैम्प का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत दादर में तीन हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट का निर्माण शुरू कराया गया। अभियान के तहत औद्योगिक क्षेत्र चोरहटा में रोजर पावर टेक्नालॉजी औद्योगिक इकाई एवं यश इंडस्ट्री में रेनवाटर हार्वेस्टग सिस्टम बनाया गया। मऊगंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गढवा में खेत तालाब का निर्माण शुरू कराया गया। इसी तरह जिले भर में जल संरक्षण के कार्य किये जा रहे हैं। स्वसहायता की महिलाओं तथा जन अभियान परिषद से जुड़े संगठनों ने कई गांव में जन जागरूकता कार्य आयोजित किये। ग्राम कटकी और तेंदुआ में जल रैली निकाली गयी।

## नदियों के उद्गम और ऐतिहासिक जल स्त्रोतों में सफाई और सुधार करायें मुख्यमंत्री नदी जोड़ों अभियान के लिए नदियों का चिन्हांकन करें




**रीवा ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को शासन की उच्च प्राथमिकता की योजनाओं और कार्यक्रम के संबंध में निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम आज जल संरक्षण को अपनायेंगे तभी भावी पीढ़ी का जीवन सुरक्षित होगा। जल संरक्षण की प्राचीन परंपराओं और आधुनिक तकनीक के समन्वय से प्रदेश भर में जल संरक्षण के कार्य करायें। जल गंगा संवर्धन अभियान जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं और आमजनता को जोड़कर इसका प्रभावी क्रियान्वयन करें। अभियान के तहत खेत तालाब निर्माण तथा कुंओं और हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट बनाने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत नदियों के उद्गम स्थल तथा पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक महात्व के जल स्त्रोतों की साफ सफाई और सुधार का कार्य करायें। जल संरक्षण के कार्यों का व्यापक प्रचार प्रसार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि नदी जोड़ों अभियान के तकनीकी पक्षों को ध्यान में रखकर इसमें शामिल की जाने वाली नदियों का चिन्हांकन करें। हमारे देश में जल स्त्रोतों और जल संरचनाओं के संरक्षण की परंपरा रही है। इससे जुड़े कई त्यौहार मनाये जाते हैं। शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग मिलकर इसके लिए जागरूकता अभियान चलाये। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नर्मदा नदी के परिक्रमा पथ और पंचकोशी यात्रा की मैपिंग करायें। सभी कलेक्टर पेयजल की व्यवस्था के सतत निगरानी रखें। हर बसाहट में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें। हैण्डपंपों के सुधार और नल जल योजनाओं के संचालन की भी निगरानी रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि गेंहू उपार्जन केन्द्रों में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। कलेक्टर तथा अन्य अधिकारी खरीदी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करें। गिरदावरी तथा अन्य माध्यमों से प्रदेश में उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र तथा श्रीअन्न के क्षेत्र का चिन्हांकन करायें। औद्योगिक इकाईयों को भी जल गंगा संवर्धन अभियान से जोड़े इनसें निकलने वाले दूषित पानी को साफ करने के बाद ही जल स्त्रोत में छोड़े। पर्यावरण मानकों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। नरवाई जलाने की भी घटनाएं लगातार हो रही हैं। कलेक्टर नरवाई जलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। नरवाई को उपयोगी बनाने के लिए किसानों को हैप्पी सीडर तथा सुपर सीडर जैसे उपकरणों के उपयोग के लिए प्रेरित करें। गर्मियों में मलेरिया, हैजा तथा लू का प्रकोप होता है। इनसे बचाव के लिए समुचित उपाय करें। खाद्य पदार्थों के फल, सब्जी आदि के नमूने लेकर इनकी खाद्य सुरक्षा अधिकारी नियमित जांच करें। कलेक्टर नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण और कार्यालयों का निरीक्षण करें। आमजनता के प्रति संवेदनशीलता से व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं का निराकरण करें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में बताया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान में अब तक एक लाख 62 हजार जलदूत पंजीकृत किये गये हैं। खेत तालाब बनाने के लिए 50 हजार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है अब तक 2687 खेत तालाब तथा 154 अमृत सरोबरों में निर्माण कार्य शुरू हो गया है। मनरेगा योजना से अधूरे 70 हजार से अधिक निर्माण कार्यों में से अब 38 हजार को पूरा करा लिया गया है। नर्मदा पथ और पंचकोशी परिक्रमा की मैपिंग की जा रही है। तालाबों और नदियों से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। वन विभाग द्वारा 78 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में 4 करोड़ 50 लाख पौधे रोपित करने के लिए तैयारी की जा रही है। वीडियो कान्फ्रेंसिंग से जल गंगा संवर्धन अभियान से जुड़े 12 विभागों द्वारा अब तक की गयी कार्यवाही की जानकारी दी गयी। मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित सभी प्रमुख सचिव बैठक में शामिल रहे। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, अपर कमिश्नर श्रीमती नीतू माथूर, वन मण्डाधिकारी, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले तथा अन्य अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग में शामिल रहे।

## टैम्पो-टैक्सी स्टैंड की वसूली फिर निजी हाथों में, ड्रेस में रहेंगे ठेकेदार के कर्मचारी, अवैध वसूली पर होगी कार्रवाई




**रीवा।** शहर में एक बार फिर टैम्पो टैक्सी स्टैण्ड फीस एवं व्यावसायिक वाहनों से शुल्क वसूली के लिए ठेका दिया गया है। यह ठेका मेसर्स एसडी गुप्स एण्ड एजेंसी के शुभम कुमार द्विवेदी निवासी अमहिया को दिया गया है। पूर्व में मनमानी की आई शिकायतों की वजह से नगर निगम आयुक्त ने कहा है कि वसूली की दर निधर्धारित की गई है. इसकी जानकारी प्रमुख स्थलों पर प्रदर्शित की जाए। यदि ठेकेदार के कर्मचारी अधिक वसूली करते पाए जाएंगे तो उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी। निर्धारित की गई रेट सूची के के अनुसार मिनी ट्रक,ट्रैक्टर वालों से 10 रुपए एवं ट्रक आदि बड़ी गाडियों से 20 रुपए व्यवसाय शुल्क तथा टैम्पो, टैक्सी स्टैण्ड फीस वसूली निर्धारित दर 5 रुपए प्रतिदिन की दर से वसूलने का अधिकार दिया गया है। उक्त वाहनों के अतिरिक्त किसी अन्य वाहन से फीस नहीं ली जाएगी। सब्जी एवं अनाज के परिवहन में लगे कृषकों के के टैक्टर शुल्क से मुक्त हैं। इसके लिए वसूली स्थल चोरहटा, निपनिया, सिरमौर चौराहा, पुराना बस स्टैण्ड, डेकहा तिराहा, नया बस स्टैण्ड, धोविया टंकी, हॉस्पिटल तिराहा, कुठुलिया एवं रतहरा बायपास के पास निर्धारित है, इसके अलावा कोई स्थान निर्धारित नहीं है। ठेकेदार उन्हींटैम्पो, टैक्सी से स्टेण्ड फीस वसूली करेगा जो निर्धारित स्थान से सवारी दोने के उपयोग में लाई जाती है तथा लोडिंग, अनलोडिंग एवं विक्रय करने वाले व्यवसायिक वाहनों से व्यवसाय शुल्क की वसूली निर्धारित स्थलों पर ही की जाएगी। कहा गया है कि ठेकेदार द्वारा कार, ढक, बस, मिनी बस एवं अन्य बड़े वाहनों को रोककर वसूली नहीं करेगा। बाहरी गाडियों से जो टूरिस्ट की है चाहे मारुती, जीप या अन्य छोटे वाहन हों, उन्हें रोक कर वसूली नहीं की जाएगी। अवैध वसूली की स्थिति में नगर निगम के अधिकारियों और पुलिस के डायल 100 पर सूचना देने के लिए कहा गया है।

## नशीली सिरप की खेप लेकर आ रहे तस्कर पुलिस को देखकर भागे सिटी कोतवाली पुलिस ने जब्त की 504 शीशी अवैध कफ सिरप



**रीवा।** रीवा जोन के नवागत आइजी गौरव राजपूत द्वारा कंट्रोल रूम में ली गई बैठक में नशे के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के दिए गए निर्देश के बाद अब अवैध नशे के विरुद्ध पुलिस एक्शन मोड में है। बता दे सिटी कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार की सुबह एक स्कूटी को जब्त कर 504 शीशी अवैध नशीली कफ सिरप जब्त की है, वही मौके आरोपी स्कूटी छोड़कर फरार हो गया जिनकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। एडिशन एसपी आरती सिंह ने जानकारी दी कि मुखबिर सूचना के बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर पांच पेटियों में नशीली कफ सिरप की खेप पकड़ी है, दो की संख्या में रहे आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश स्कूटी के दस्तावेजों के आधार पर लगाई जा रही है। बताया गया कि रात्रि गश्त के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक शिवाली चतुर्वेदी और कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद राठौर को मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक स्कूटी में सवार होकर नशीली कफ सिरप की खेप लेकर घोघर मोहल्ले की ओर आ रहे है। इसके बाद तत्काल सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद राठौर ने पुलिस टीम के साथ घेराबंदी की, इसी दौरान दो युवक स्कूटी से आते नजर आए जिन्हें रोक कर पकडऩे का प्रयास किया गया तो आरोपी पुलिस को देखते ही स्कूटी छोड़कर भाग निकले। फिलहाल पुलिस ने नशीली कफ सिरप व स्कूटी को जब्त कर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## लौर पुलिस ने चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

**चोरी का मशरूका बरामद कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया**




**मऊगंज।** जिले के थाना लौर मे फरियादिया सितोल देवी साकेत पति प्रेमलाल साकेत उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम गुचियारी थाना नईगढी जिला मऊगंज हाल निवास देवतालाब थाना लौर जिला मऊगंज (म.प्र.) द्वारा इस आशय़ की सूचना दर्ज कराई गई थी, कि वह देवतालाब मे अपने किराए के मकान मे ताला लगाकर बारात कार्यक्रम मे शामिल होने चली गई थी, कार्यक्रम से वापस आई तो मकान का ताला टूटा हुआ था, तथा कमरे से 01 जोड़ी पायल, 2,000/- रुपए नगदी तथा एक कीपैड मोबाइल फोन कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था, फरियदिया की सूचना पर धारा 331(4),305ए भा.न्या.सं. का अपराध पँजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया, विवेचना दौरान संदेही ऋषिदेव गौतम पिता राजेश गौतम उम्र 29 वर्ष नि. बड़ागाँव थाना सोहागी जिला रीवा (म.प्र.) को दस्तयाब कर पूँछताँछ दौरान जुर्म सबूत पाए जाने पर आरोपी के कब्जे से चोरी का मशरूका बरामद किया गया है, तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजे जाने हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने बावत रवाना किया गया है।

## मऊगंज में पतंजलि समूह लगाएगी फूड प्लांट, 1000 करोड़ का करेगा निवेश

**किसानों और युवाओं को मिलेगा रोजगार**



**मऊगंज।** जिले के घुरेहटा मे पतंजलि समूह को 175059 हैक्टर भूमि आवंटित कर दी गई है शुक्रवार को पतंजलि समूह के प्रबंध संचालक आचार्य बालकृष्ण मऊगंज पहुंचकर कलेक्टर और अन्य अधिकारियों से चर्चा के बाद घुरेहटा में स्थित औद्योगिक क्षेत्र की भूमि का निरीक्षण किया जिसमे कलेक्टर संजय जैन ने प्रशासन की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी और कहा कि उद्योग लगने से मऊगंज को विकास की गति मिलेगी प्रशासन इसके लिए हर संभव मदद उपलब्ध कराएगी आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि उनकी जरूरत के लिए करीब 400 एकड़ भूमि प्राप्त हुई है अब यहां पर फूड पार्क के साथ एकीकृत परिसर विकसित करेंगे जिसमें औद्योगिक प्लांट के साथ स्किल डेवलपमेंट एजुकेशन योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के साथ ही आयुर्वेद भी शामिल होगा पतंजलि समूह और एमपीआईडीसी के बीच शुक्रवार को जिला पंजीयन कार्यालय में रजिस्टर्ड लीज डील की गई इस दौरान पतंजलि समूह के प्रबंध संचालक आचार्य बालकृष्ण और एमपीआईडीसी रीवा रीजन के प्रबंधक यूपी तिवारी मौजूद रहे जमीन की लीज 25 करोड़ 42 लाख 71हजार303 रुपए की है इसके लिए पतंजलि समूह ने दो करोड़ 22 लाख 17हजार767 रुपए की स्टांप ड्यूटी अदा की प्लीज की अवधि 99 वर्ष की है।

